# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मेरठ से दिल्ली के बीच नमो भारत रेल सेवा शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच नमो भारत कॉरिडोर का किया उद्घाटन।
- महाकुंभ मेला को देखते हुए सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर लगी रोक। पुलिस महानिदेशक ने जारी किया आदेश।
- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने विकसित की पैरासिटामोल दवा के उत्पादन की स्वदेशी तकनीक।
- दसवें सिख गुरू और खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिंद सिंह की जयंती आज। गुरूद्वारों में आयोजित हो रहे हैं विशेष कार्यक्रम।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड से जन–जीवन प्रभावित। आगामी दो दिनों में और बढ़ेगी ठंड, मौसम विभाग ने जताया अनुमान।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल गाजियाबाद के साहिबाबाद और दिल्ली के न्यू अशोक नगर के बीच छियालीस अरब रूपए की लागत से तैयार किए गए तेरह किलोमीटर लंबे दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद, आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर, आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की और ट्रेन में मौजूद स्कूली बच्चों और अन्य लोगों से बातचीत भी की। गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि नमो भारत ट्रेन के संचालन से दिल्ली और गाजियाबाद की दूरी काफी कम हो जायेगी।

***दिल्ली और गाजियाबाद की दूरी समाप्त हुई, जो लोक दिल्ली में रहते है वो लोग भी अच्छे वातावरण की तलाश में गाजियाबाद आ करके अपने कुटी उद्योग लगा रहे, फैक्ट्रियां लगा रहे और जो लोग गाजियाबाद रहते है और दिल्ली जाने के काम करते है उन लोगों के लिये ये ट्रेन एक वरदान साबित होगी।***

नमो भारत ट्रेन के नये कॉरिडोर के उद्घाटन के साथ ही इस रूट पर ट्रेन का संचालन कल शाम पांच बजे से जनता के लिये शुरू हो गया। साहिबाबाद और मेरठ के बीच तेरह किलोमीटर लम्बे नमो भारत कॉरिडोर के उद्घाटन के साथ ही अब इस रूट पर आवागमन पचपन किलोमीटर तक बढ़ जायेगा। इसमें कुल ग्यारह स्टेशन हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में जनजातीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के जनजातीय युवकों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिये देश पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके लिये अनेक कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा–

***अपनी परम्परा के प्रति अपनी संस्कृति के प्रति गौरव की अनुभूति होना श्रद्धा और सम्मान का भाव होना और अपने देश के प्रति पूरी ईमानदारी के साथ निष्ठा का भाव होना यही हमें आगे बढ़ने के लिये एक नई प्रेरणा प्रदान करता है और उत्तर प्रदेश के अन्दर आप लोगों का प्रशिक्षण अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि आपको नजदीक से उत्तर प्रदेश के विकास यात्रा को देखने का अवकसर प्राप्त हो रहा है। 25 करोड़ की आबादी है लेकिन कहीं कोई अव्यवस्था नहीं।***

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने राज्य के लोगों को सुरक्षा देने के साथ ही भरपूर विकास भी किया है। श्री सैनी कल सहारनपुर के रामपुर मनिहारन में एक सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत में उत्तर प्रदेश के लोगों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**********

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने महाकुंभ दो हजार पच्चीस को देखते हुए राज्य में सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। इस संबंध में सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज और जिलों के पुलिस कप्तानों को निर्देश जारी किया गया है। यह आदेश महाकुंभ मेला की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। हालांकि आदेश में यह भी कहा गया है कि विशेष परिस्थितियों में सक्षम स्तर के अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराया जा सकता है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में पर्यटन विभाग पांच एकड़ क्षेत्रफल में उत्तर प्रदेश पवेलियन बना रहा है। इसमें राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों की झलक दिखेगी और प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पवेलियन दस जनवरी से शुरू हो जायेगा। इसमें राज्य के रामायण सर्किट और कृष्ण ब्रज सर्किट सहित बारह प्रमुख सर्किटों को दिखाया जायेगा। पवेलियन में प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों के ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल भी लगाये जायेंगे।

**********

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने घोषणा की है कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने बुखार कम करने और दर्द से राहत प्रदान करने में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल औषधि के उत्पादन के लिए एक स्वदेशी तकनीक विकसित की है। श्री सिंह ने कहा कि इस नवाचार का उद्देश्य पैरासिटामोल के विनिर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

**********

प्रयागराज रेल मण्डल ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन ऑब्जर्वेशन रूम में विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। एक रिपोर्ट.....

***महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए रेलवे ने आपात स्थित से निपटने और यात्रियों को जरूरी चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम बनाये हैं। इस बारे में प्रयागराज रेल मण्डल के चीफ पीआरओ शशि कान्त ने बताया कि रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, सुबेदारगंज, नैनी और छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं इन ऑब्जर्वेशन रूम में डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ 24 घंटे मौजूद रहेंगे, जो 8 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे। मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम में सभी जरूरी उपकरण और दवाईयां उपलब्ध रहेंगी। सर्दी के मौसम, भीड़ और अधिक चलने से हार्ट, साइनस और डायबटीज के मरीजों को होने वाली समस्याओं का तत्काल प्राथमिक इलाज यंहा किया जा सकेगा। समस्या गंभीर होने की स्थिति में रेलवे या शहर के अन्य अस्पतालों में मरीजो को पहुंचाने के लिए एबुलेंस सेवा भी उपल्ब्ध रहेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।***

**********

खालसा पंथ के संस्थापक और दसवें सिख गुरू गोबिंद सिंह की जयंती पर आज प्रदेश भर के गुरूद्वारों में विशेष अरदास और लंगर के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। गुरू गोबिंद सिंह की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह ने समाज को सत्य, न्याय, धर्म और भलाई के लिये प्रेरित किया। उन्होंने समाज के उपेक्षित वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में सम्मिलित कर के सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, करौंदी में आयोजित दो दिवसीय सांसद रोजगार मेले में कल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल ने सेवायोजित हुए अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र दिए। इस रोजगार मेले में तीन सौ इकहत्तर कंपनियों में रिक्तियों के लिये पन्द्रह हजार एक सौ सतासी अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

**********

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित आईएचएफ ट्रॉफी हैण्डबाल चैम्पियनशिप में कल तीसरे दिन एक रोमांचक मुकाबले में मेजबान भारत की यूथ अंडर–18 की टीम ने कजाखिस्तान को छत्तीस–पैंतीस से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए रवि ने सर्वाधिक ग्यारह गोल किये। इससे पूर्व उज्बेकिस्तान ने यूथ वर्ग में बांग्लादेश को इकतालीस–तेईस से हराया। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल और अन्य अतिथियों ने हर मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

**********

प्रदेश में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से जन–जीवन प्रभावित है। कोहरे की वजह से दृश्यता कम होने के चलते सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी खासा असर पड़ा है। इस बीच, मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के दौरान प्रदेश में ठंड और बढ़ने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग लखनऊ केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक वर्तमान में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। विभाग ने आज और कल के लिये वाराणसी, गोरखपुर, जौनपुर, बलिया, गोण्डा, सीतापुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, शाहजहांपुर और इनके आसपास के जिलों में भीषण शीतलहर की आशंका जतायी है।

**********